Vacancies Registered with Employment Exchanges in Delhi

2565. SHRI JAGIR SINGH DARD: Will the Minister of LABOUR be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a large number of vacancies reported by various employers have been long pending with the various Sub-Regional Employment Exchange, i.e. Curzon Road, Darya Ganj and Pusa, New Delhi, functioning under the Directorate of Employment Exchange, NCT of Delhi, which should be disposed of within 15 days according to the laid down policy of DGE&T;

(b) if so, the detailed information of all such vacancies of various employers which are pending for more than15 days with the concerned Sub-Regional Employment Exchanges; and

(c) the action contemplated in the matter?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LABOUR (SHRI M. P. VEERENDRA KUMAR): (a) No Sir.

(b) and (c) Do not arise.

कृषि श्रमिकों के लिए कल्याण योजनाएं

2566. **श्री अजीत जोगी :**

श्री शमशेर सिंह सुरजेवाला :

क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा कृषि श्रमिकों के लिये कार्यान्वित की गई कल्याण योजनाओं का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) इन योजनाओं से कृषि श्रमिकों को कितना लाभ हुआ है ;

(ग) क्या सरकार इस संबंध में कोई और कदम उठाने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री एम0पी0 वीरेन्द्र कुमार): (क)से (घ) कृषि कर्मकारों सहित ग्रामीण कर्मकारों के कल्याण के लिये चलाई जा रही कुछ प्रमुख योजनायें निम्नलिखित हैं:—

(i) **एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (आई0आर0डी0पी0)**

इस योजना के अन्तर्गत आय बढ़ाने वाली तरिसंपत्तियां अर्जित करने के लिये वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है जिसमें अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों तथा महिलाओं के लिये विशेष प्रावधान के साथ छोटे कृषकों, सीमांत कृषको, कृषि श्रमिकों तथा ग्रामीण कारीगरों के लिये भिन्न-भिन्न मिश्रित आर्थिक सहायता तथा अलग अलग दरों पर आवधिक ऋण शामिल है ।

(ii) **जवाहर रोजगार योजना (जे आर वाई)**

इस योजना का उद्देश्य अतिरिक्त अर्थ पूर्ण रोजगार का सृजन करना और उत्पादक सामुदायिक परिसंपत्तियां का सृजन करना है । इस योजना को देश के उन 120 पिछड़े जिलों में तेज किया गया है जिनमे बेरोजगारी और अल्प-रोजगार का संकेन्द्रण है ।

(iii) **स्व: रोजगार के लिए ग्रामीण युवाओं का प्रशिक्षण ट्राइसेस) :**

इस योजना का उद्देश्य स्व रोजगार के लिये ग्रामीण युवाओं के कौशल का विकास करना है ।